17- <u>व्यापारी को मुक्त कराया</u>

व्यापारी को मुक्त कराया

पुलिस ने अपहरण के एक आरोपी को किया गिरफ्तार, तीन आरोपी हैं फरार

अमर उजाला ब्यूरो

ज्ञानपुर।

सुरियावां के अभियां बाजार से बृहस्पतिवार को अपहृत आभूषण व्यापारी को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से पुलिस ने मुक्त करा लिया। कुसा पुल के समीप मुठभेड़ में पुलिस ने एक अपहरणकर्ता को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य तीन अन्य साथी भागने में सफल रहे। उसके पास से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक जियालाल यादव ने घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि व्यापारी सत्य नारायण वर्मा का अपहरण होने के बाद एसपी डॉ. अरविंद भूषण के

सफेद बोलेरो और एक तमंचा, दो कारतूस बरामद

प्रेस कान्फ्रेंस कर जानकारी देते एएसपी जियालाल यादव।

निर्देश पर सीओ भदोही परमहंस मिश्र और क्राइम ब्रांच को लगा दिया गया। 10 लाख की फिरौती मांगने वाले अपहरणकर्ता दो लाख पर माने। पुलिस पीड़ित परिवार से लगातार संपर्क में रहा। देर रात कुसा पुल के समीप अपहरणकर्ता अमर प्रताप सिंह पुत्र उदयराज सिंह निवासी बड़नपुर प्रतापगढ़ को एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया जबकि उसके तीन साथी अनुज प्रताप सिंह, पुनीत सिंह और रामसूरत तिवारी भागने में सफल हो गए। फरार तीनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में क्राइम ब्रांच प्रभारी विनोद राय, एसओ औरंगजेब खान, सचिन झा, एसआई अजय सिंह समेत कई पुलिसकर्मी रहे। अपर पुलिस अधीक्षक जियालाल यादव ने बताया कि एसपी ने टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की और पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर टीम को राज्य स्तर पर पुरस्कृत करने के लिए संस्तुति की। वहीं दूसरी ओर पुलिस लाइन में स्वर्णकार समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस टीम को 11 हजार नकद देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर राकेश वर्मा, सुरेश वर्मा, मनीराम, पीसी वर्मा आदि रहे।

पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की संस्तुति

स्वर्णकार समाज ने टीम को किया सम्मानित

25 पुलिसकर्मियों को रिवार्ड

ज्ञानपुर। पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविंद भूषण पांडेय ने पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में शुक्रवार को दंगा नियंत्रण का अभ्यास कराया। अच्छे टर्नआउट पर 25 पुलिसकर्मियों को रिवार्ड दिया। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, चिली (मिर्ची) बम और 12 बोर पंप एक्शन गन के बारे में बताया गया। इसी दौरान एसपी ने बैरक आदि का निरीक्षण किया

आभूषण व्यापारी सत्य नारायण वर्मा का अपहरण कर 10 लाख रूपये की फिरौती मांगने वाले बदमाशों को पुलिस द्वारा सुरियावां के अभियां बाजार से मुठभेड़ के उपरान्त मुक्त कराया गया। व्यापारी को मुक्त कराने वाली पुलिस टीम को एसएसपी द्वारा पुरस्कृत करने की घोषणा की और पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर टीम को राज्य स्तर पर पुरस्कृत करने के लिए संस्तुति की गयी।